राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने सेवा भावना रखते हुए पीड़ित मानवता के लिए कार्य के लिए किया आह्वान

राज्यपाल श्री बागडे ने नी रिप्लेसमेंट रोबोटिक सर्जरी मशीन का लोकार्पण किया

जयपुर, 22 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को छत्रपति संभाजी नगर स्थित सेंचुरी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में नी रिप्लेसमेंट रोबोटिक सर्जरी मशीन का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी महत्वपूर्ण पहल है। इससे छत्रपति संभाजी नगर में घुटने के रोग से पीड़ित मरीजों का बड़े स्तर पर लाभ हो सकेगा। उन्होंने वहां उपस्थित चिकित्सकों से मशीन के बारे में पूरी जानकारी ली और चिकित्सालय प्रबंधन से सेवा भाव रखते हुए पीड़ित मानवता के लिए कार्य करने का आह्वान भी किया।

VELYS